राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग

क्रमांकः– 12(1)साप्र. 4/2015 जयपुर दिनांक 20.4.15

प्रबंधक,
समस्त विश्राम भवन,
राजस्थान।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2014–15 में नवीन आइटम्स पर व्यय की गई राशि एवं वर्ष 2015–16 हेतु नवीन आइटम्स के प्रस्ताव।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में आपके कार्यालय द्वारा, नवीन आइटम्स पर व्यय की गई राशि की सूचना निम्नांकित प्रारूप में प्रेषित करने की व्यवस्था करें:–

क्र.सं.	आप द्वारा वर्ष के दौरान नवीन आइटम्स हेतु की गई कुल मांग	विभाग द्वारा स्वीकृत कुल राशि	वर्ष के दौरान व्यय की गई कुल राशि	विशेष विवरण

चालू वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए नवीन आइटम्स क्रय के प्रस्ताव भी स्पष्ट औचित्य के साथ भिजवाने की व्यवस्था करें। नवीन आइटम्स की मांग का स्पष्ट आधार होना चाहिए, यदि कोई आइटम अनुपयोगी है तो उसे नकारा घोषित करने की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत ही प्रस्ताव भिजवायें।

क्रॉकरी एवं लिनन के प्रस्तावों का पूर्ण विवरण (प्रत्येक की संख्या, कप, प्लेट, चद्दर, बेड्सशीट एवं टॉवल आदि) प्रेषित करावें।

उपरोक्त सूचना प्राप्त नहीं होने की स्थिति में चालू वित्तीय वर्ष में प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना 15 दिवस में प्रेषित करें।

(डॉ. मनीष शुक्ला)
मुख्य लेखाधिकारी

KL . Letter.doc